जन संचार एवं मीडिया प्रकोष्ठ

उ0प्र0 वॉटर सैक्टर रीस्ट्रक्चरिंग परियोजना, पैक्ट
वाल्मी भवन, सिंचाई विभाग,
उत्तर प्रदेश,
लखनऊ

श्री शिवपाल सिंह यादव की अध्यक्षता मे मुरादाबाद जिला योजना समिति की बैठक सम्पन्न

वर्ष 2016–17 हेतु प्रस्तावित 24084.00 लाख रूपये की स्वीकृति अनुमोदित

ग्रामीण क्षेत्रो मे चिन्हित जमीनो पर बच्चों के खेलने हेतु स्टेडियम बनाये जाये

शिवपाल सिंह यादव
लखनऊ– 31 मई, 2016

कैबिनेट मंत्री श्री शिवपाल यादव ने आज सर्किट हाउस मुरादाबाद में आयोजित एक बैठक में मुरादाबाद जनपद की वर्ष 2016–17 हेतु प्रस्तावित 24084.00 लाख रुपये की जिला योजना को स्वीकृती प्रदान कर दी। उन्होंने कहा कि सभी विभाग तेजी के साथ काम करें।

आज बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शलिता सिंह, विधायक नगर श्री हाजी युसूफ अंसारी, विधायक बिलारी मो0 फहीम, विधायक कुन्दरकी हाजी रिजवान, एमएलसी श्री परवेज अली, विधायक कांठ श्री अनीसउरर्हमान सैफी, विधायक चन्दौसी श्रीमती लक्ष्मी गौतम, राज्य महिला आयोग सदस्य श्रीमती राजेश कुमारी यादव आदि ने भाग लिया।

जिला योजना में कृषि विभाग हेतु वर्ष 2016–17 के लिये 16 लाख का परिव्यय स्वीकृत किया गया है और गन्ना विभाग के लिये 744 लाख रुपये के परिव्यय को मूंजरी मिली है। लघु एवं सीमान्त कृषकों को 58.80 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी तो वहीं पशु पालन कार्यो पर 124.71 लाख रुपया व्यय होगा। मत्स्य विभाग पर 6.20 लाख तथा दुग्ध विकास पर 519.72, वन विभाग पर 111.55, राष्ट्रीय ग्रामीण

आजीविका मिशन पर 215.91 लाख तथा ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) पर 130.49 लाख रुपये का परिव्यय स्वीकृत किया गया है।

पंचायती राज पर 844.48 लाख, सामुदायिक विकास पर 3.32, निजी लघु सिंचाई पर 284.00 लाख , नेडा पर 166.50 लाख रुपया वर्ष 2016–17 में खर्च किया जाएगा। इसी प्रकार खादी एवं ग्रामोघोग पर 1.50 लाख, सडक एवं पुल पर 3300.00 लाख रुपये पर्यावरण पर 0.81 लाख रुपये , विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर 5 लाख रुपये, पर्यटन पर 80 लाख रुपये, प्राथमिक शिक्षा पर 40 लाख रुपये, माध्यमिक शिक्षा पर 898.20 लाख रुपये, प्राविधिक शिक्षा पर 258 लाख रुपये, युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल पर 2 लाख रुपये, चिकित्सा एवं जन स्वास्थ पर 640.89 लाख रुपये, होम्योपैथिक चिकित्सा पर 75 लाख रुपये, आर्युवैदिक चिकित्सा पर 34.45 लाख रुपये तथा ग्रामीण पेयजल पर 4128.22 लाख रुपये के परिव्यय को स्वीकृती दी गई है।

कैबिनेट मंत्री ने ग्रामीण स्वच्छता पर 4978.56 लाख रुपये, ग्रामीण आवास पर 4182.00 लाख रुपये, नगरीय पेयजल योजना पर 506.30 लाख रुपये, अनुसूचित जाति कल्याण के लिये 421.40 लाख रुपये, अल्पसंख्यक कल्याण पर 302.14 लाख रुपये, समाज कल्याण सामान्य पर 50 लाख रुपये, सेवायोजन पर 0.88 लाख रुपये, शिल्पकार प्रशिक्षण पर 115.31 लाख रुपये, समाज कल्याण पर 825.00 लाख रुपये, विकलांग कल्याण पर 12.60 लाख रुपया वर्ष 2016–17 में व्यय करने की स्वीकृति प्रदान की है।

कैबिनेट मंत्री श्री शिवपाल यादव ने कहा कि बच्चों को खेल का मैदान अवश्य दिया जाए उनके लिये ग्रामीण क्षेत्र में स्टेडियम के लिये जमीन चिन्हित की जा चुकी है।

बैठक में सदस्य हाजी उस्मान ने कहा कि गांवों में भी पब्लिक टॉयलेट बनाने की स्वीकृति दी जानी चाहिए। सामुहिक शौचालय की मेन्टीनेन्स ग्राम पंचायत अपनी निधि से कर सकती है। विधायक कांठ ने कहा कि 13वें एवं 14 वें वित्त आयोग से पेयजल के अर्न्तगत ग्राम प्रधानों को 10–10 हैण्डपम्प लगाने का शासनादेश ग्राम पंचायतों में भिजवा दिया जाए। सदस्यों ने सोनकपुर ओवरब्रिज तथा फब्बारा चौक से रोडवेज तक ब्रिज बनाने की मांग भी रखी। डिलारी ठाकुरद्वारा मार्ग बनवाने का अनुरोध भी किया। सीडीओ ने बताया कि यह मार्ग स्वीकृत है और दो हफ्ते में फंड भी रिलीज हो जाएगा। बैठक में हाजी इकराम कुरैशी , डा0 संजीव यादव, श्री जयवीर यादव सहित विधायकों के प्रतिनिधियों तथा जिला पंचायत के सदस्यों ने भाग लिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री जुहैर बिन सगीर ने बताया कि जो प्रस्ताव जिला योजना की परिधि में नहीं आते है उन पर अलग से चर्चा कर समस्या का समाधान करा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इव अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री नितिन तिवारी, एसपी सिटी श्री डा0 रामसुरेश यादव, सीडीओ श्री आन्द्रा वामसी, सीएमओ डा0 संजीव यादव, पीडीडीआरडीए , उपनिदेश कृषि तथा सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर सर्किट हाउस परिसर में नींम का पौधा भी लगाया।

सम्पर्क सूत्रः मीडिया विषेशज्ञ, पैक्ट मो0-9412205971
email-isbr27@gmail.com फैक्स 0522-2237664